**खबर संक्षेप**

### समग्र एवं पेंशन ई-केवायसी कार्य में कम प्रगति पर सचिव एवं रोजगार सहायक को किया अवैतनिक

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने समग्र एवं पेंशन ई-केवायसी कार्य में लक्ष्य अनुरूप कम प्रगति पर 12 सचिव एवं 15 रोजगार सहायकों को नो वर्क, नो पे के आधार पर एक से लेकर 10 दिवस तक अवैतनिक करने की कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि गत 2 से 4 अप्रैल तक जिला कलेक्टर द्वारा जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में शत-प्रतिशत ई-केवायसी के निर्देश सभी ग्राम पंचायतों को दिए गए थे। जनपद पंचायत द्वारा प्रेषित जानकारी के आधार पर गत 15 अप्रैल तक की प्रगति की समीक्षा जिला स्तर पर की गई एवं न्यून प्रगति पर संबंधितजनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाव चाहा गया था। निर्धारित समयावधि में प्राप्त जवाब समाधानकारक नहीं पाए जाने तथा 24 अप्रैल को ई-केवायसी कार्य की पुनः समीक्षा में अपेक्षित प्रगति न होने पर अवैतनिक करने संबंधी आदेश जारी किया गया है। अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बरकोला के सचिव हरप्रसाद अहिरवार, मोहाना के जयकरण लोध एवं बीरा के धर्मराज दुबे, शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बोरी के समनुआ साहू, जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत सिलधरा के बाबूलाल अहिरवार, रमखिरिया के रामलखन तिवारी, कुड़ार के ठाकुर प्रसाद यादव एवं जनवार के सूर्यप्रताप यादव तथा गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पगरा के विष्णु पाण्डेय, सिंघौरा के काशी प्रसाद यादव, विक्रमपुर के पहलवान सिंह राजपूत और सिरी ग्राम पंचायत के सचिव काशी प्रसाद यादव के पारिश्रमिक से निर्धारित दिवस की वेतन कटौती की जाएगी।

बनवार बड़े घाट ब्यारमा नदी पर बने स्टॉप डेम में घटिया निर्माण

# दिखावे के लिये लगाए आधे अधूरे गेट, व्यर्थ में बह गया नदी का जल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

वारिश का सीजन खत्म होने दो महीने बाद जल संरक्षण के लिए बनाए गए ब्यारमा नदी पर बनवार बड़े घाट स्टाफ डेम में गेट लगाए गए लेकिन उपयुक्त तरीके से नहीं लगाए जाने की वजह से नदी पानी व्यर्थ बह रहा है। और अप्रैल माह खत्म खत्म होते नदी का जल स्तर तेज से घट गया और जहां जल लबालब भराव हुआ करता था। वहां आज नदी के पत्थर दिखाई दे रहे है रही सही कसर नदी में मोटरे रखकर ग्रीष्मकालीन फसल की सिंचाई के लिए नदी का पानी खींच लिया है। समय पर मानसून नहीं आया तो मवेशियों के लिए पीने के पानी का संकट खड़ा हो जाएगा यदि स्टॉप डेम के गेट सही से लगाए गए हो तो पूरी गर्मी के सीजन में नदी का जल स्तर बना रहता है। जनपद सदस्य बलारपुर जगदीश यादव ने वारिश का सीजन खत्म होने के दो माह बाद भी ब्यारमा नदी बनवार बड़े घाट स्टॉप डैम के गेट बंद नहीं किए गए थे और जब यह मामला खबरों के माध्यम से कलेक्टर के संज्ञान में आया तो जल संसाधन विभाग द्वारा आनन फानन में दिखावे के लिए स्टॉप डेम पर लगे दस गेटों में से प्रत्येक गेट पर पांच अंदर और पांच बाहर से प्लेट लगने सहित 10 गेटों में करीब 100 प्लेटें लगानी थी लेकिन सिर्फ 79प्लेट ही लगाई गई है। बांकी 21 प्लेट गायब रही और आधे अधूरे उपयुक्त तरीके से के गेट नही बंद नहीं किए जाने से नदी का पानी व्यर्थ में बह रहा गया है। और तेजी से नदी से नदी का जल स्तर भर गर्मी में गिर गया जिसकी चिंता आम जन किसानों को परेशान कर रही है। किसान दुर्ग सिंह अब्बी यादव मोहन सिंह अनिल राठौड़ विजय अहिरवार नहीं बताया स्टाफ डैम में लगने वाली प्लेटों को जानबूझकर ठेकेदार के द्वारा गायब कर दी गई हैं और स्टाफ डेम के गेट उपयुक्त तरीके से बंद नहीं किए गए जबकि बनवार बलारपुर के आम जन किसानों के लिए कोई अन्य जल स्त्रोत नहीं नदी के जल पर आश्रित हैं।

# गांव में बिक रही अवैध शराब से ग्रामीण परेशान, पुलिस से नहीं कर रही कार्यवाही




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

शराब दुकान मडियादो की आड में पाली गांव में तीन जगह शराब की अवैध बिक्री हो रही है। नतीजन ग्रामीण परेशान है। अवैध प्रकार से शराब की निकासी कर थाना क्षेत्र के गांव गांव तक पहुंचाई जा रही है,जिसके लिए गावों में अवैध बिक्री करने ठेकेदार द्वारा अपने सेल्समैन सेट कर रखे हैं, अवैध शराब बिक्री करने वालो को बकायदा कमीशन दिया जाता हैं, पुलिस कारवाई की भी जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है।परिणाम स्वरूप आसानी से शराब शराबियों तक पहुंच रही है और गावों का माहौल खराब हो रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश भी देखने मिल रहा है पर गावों के भोले भाले लोग कर भी क्या सकते हैं। थाना क्षेत्र मड़ियादो अंतर्गत पाली गांव के रहवासियों की माने तो उनके छोटे से गांव में चार,पांच स्थानों पर शराब बिक रही है,जिसे मड़ियादो स्थित लाइसेंसी शराब दुकान से लाया जाता है जिसमें ठेकेदार के ही कर्मचारी मोटर साइकिल पर लेकर आते हैं और जो बेच रहे हैं उनके घरों पर स्टॉक कर रहे हैं। यहां के रहवासि कृपाल कुर्मी, मुकुंदी कुर्मी, बिहारी कुर्मी, रामस्वरूप पटेल, राकेश कुर्मी, देवी सिंग यादव, प्रेमलाल आदिवासी राजेश आदिवासी माने तो गांव में ही आसानी से शराब बिक्री होने के कारण शराबियों का आतंक बढ़ रहा है, बहु बेटियों को घरों से निकलना परेशानी का कारण बन रहा है।गांव की पहचान शराबखोरी में हो रही है जिसके कारण शादी विवाह भी नहीं हो पा रहे है। पुलिस थाना में भी अवैध शराब बिक्री रोकने आवेदन दिया लेकिन हल कुछ नहीं निकला। गांव गांव हो रही शराब सप्लाईः क्षेत्र अंतर्गत वर्धा,निवास, पाठा,पाली, मलवारा, कनकपुरा, मादो, कलकुआ, बछामा, चोरईया, शिवपुर, डोली,काईखेड़ा सहित अन्य गांवों में शराब पहुंच रही हैं जिसे शराब कम्पनी के कर्मचारी मोटर साइकिल और फोर व्हीलर वाहनों की मदद से पहुंचने का कार्य बेखौफ होकर कर रहे हैं।

## बस स्टैंड पर प्याऊ का शुभारंभ



**बनवार।** सरपंच श्रीमती विनीता रानी सुभाष अहिरवार से बस स्टैंड पर राहगीरों यात्रियों की प्यास बुझाने ठंडे जल की प्याऊ लगाई गई है। सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार ने इसका शुभारंभ ने कया। बता दें बस स्टैंड पर सार्वजनिक प्याऊ नहीं होने से यात्रियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वे या तो दुकानदारों के भरोसे हैं या लोगों को खरीदकर पीना पड़ रहा है। प्याऊ की सुविधा से यहां पर प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों यात्रियों को ठंडा पेयजल मिलने लगेगा।

# अबूझ मुहूर्त : अक्षय तृतीया पर बिना पंचांग के भी होंगे मांगलिक कार्य विवाह, गृह प्रवेश, वाहन या संपत्ति की खरीदी हर कार्य होगा मंगलमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

हिन्दू धर्म में शुभ कार्यों के लिए मुहुर्त अवश्य देखा जाता है। कोई भी शुभ कार्य करना हो शुभ मुहुर्त पर ही किया जाता है।विवाह, गृह प्रवेश, भूमिपूजन, संपत्ति में निवेश, व्यापार की शुरुआत ये सभी कार्य पंडित से पूछकर शुभ मुहुर्त देखकर किए जाते हैं, लेकिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया ऐसी तिथि है जिस तिथि पर सभी शुभ कार्य बिना मुहुर्त देखी किए जा सकते हैं। सनातन हिंदू धर्म में मुहूर्त का बड़ा महत्व सनातन हिंदू धर्म में शुभ कार्यों के लिए मुहूर्त का विशेष महत्व होता है, लेकिन वर्ष में एक ऐसा दिन आता है जब किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। यह दिन होता है अक्षय तृतीया, जिसे अबूझ मुहूर्त के रूप में जाना जाता है। इस वर्ष यह विशेष तिथि 30 अप्रैल को है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस दिन कई शुभ संयोग भी बन रहे हैं। अक्षय तृतीया को वैदिक काल से ही अत्यंत पवित्र और फलदायक तिथि माना गया है। यह दिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को होती है। मान्यता है कि इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य अक्षय फल देता है। पानी उसका फल कभी समाप्त नहीं होता। यहीं कारण है कि इस दिन बिना मुहूर्त देखे ही विवाह, गृह प्रवेश वाहन खरीद, भूमि पूजन, संपत्ति निवेश, व्यापार की शुरुआत जैसे कार्य किए जाते हैं। सनातन में शुभ कार्यों के लिए श्रेष्ठ दिन इस वर्ष अक्षय तृतीया के दिन कई ऐसे योग बन रहे हैं, जो इसे और भी खास बना देते हैं। पंडित गोपाल शास्त्री के अनुसार इस दिन रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे शुभ संयोग भी बन रहे हैं, जो इस तिथि को और भी फलदायी बना देते हैं। इस दिन विवाह के कार्यक्रम काफी संख्या में तय किए जा चुके हैं। इस दिन बहुत सी शादियां होने से पहले से ही गैरिज हॉल व धर्मशालाऐ, सामाजिक मंगल भवनों की बुकिंग हो गई है। क्या कहती है धार्मिक मान्यता ग्रंथों के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। इसी दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था और महाभारत काल में पांडवों को अक्षय पात्र की प्राप्ति भी इसी दिन हुई थी। इसलिए इस दिन दान पुण्य, जप-तप और उपवास का भी अत्यधिक महत्व है।

श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर....

# भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं- चंद्रगोपाल पौराणिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह के मांगज वार्ड नंबर 04 सरदार वल्लभ भाई पटेल रेलवे ओवरब्रिज के पास दमोह के प्रसिद्ध कथा वाचक नगर पुरोहित कथा व्यास आचार्य पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक जी (बड़े महाराज) जी के मुखारविंद से चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा मे श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह, सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया। श्रीकृष्ण के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणी के साथ संपन्न हुआ। रुक्मणी को हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं।और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती हैं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो बहुत प्रभावित हुईं और मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया।रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। इसीलिए श्रीकृष्ण ने हरण कर रुक्मणी से विवाह किया।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा कृष्ण-रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। भजन गीतों से सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे। कथा व्यास आचार्य पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक जी (बड़े महाराज) ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है



तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। तदोपरांत सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । मित्र की महिमा बताते हुए महंतजी ने बताया कि ऱजे न मित्र दुःख होहिं दुखारी। तिन्हहि बिलोकत पातक भारी। निज दुःख गिरि सम रज करि जाना। मित्रक दुःख रज मेरु समाना ।। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंहासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का सौभाग्य ममता/प्रेमनारायण चौबे परिवार को प्राप्त हुआ। श्रीकृष्ण और रूक्मिणी विवाह के प्रसंग पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण और रूक्मिणी विवाह की बधाईयां देकर श्रद्धालुओं ने फूल बरसाए। कथा में प्रमुख रूप से कथा श्रवण करने वालों में ममता/प्रेमनारायण चौबे दिनेश चौबे,भाजपा युवा नेता मोंटी रैकवार, पार्षद संजू पटेल, प्रकाश पटेल,राजू चौबे, संजू चौबे, राजेश चौबे, गोविन्द पटेल,गुड्डा पटेल, जितेंद्र पटेल सहित हजारों भक्त जनों ने पहुंचकर व्यासपीठ की पूजन कर महाराज जी का आशीर्वाद लेकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

## पहलगाम आतंकवादियों के हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की




**दमोह।** अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा के तत्वधान में आज कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकवादियों के हमले में 28 हिन्दू पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी जो कि बहुत ही निंदनीय है। पूरे देश में आतंकवाद को लेकर आक्रोश है आज वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी मूर्ति स्थल जटाशंकर धाम दमोह में मृतकों को श्रद्धांजलि शोक सभा कर ईश्वर से सभी शहीदो को की आत्म को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा परिवार के लोगों को इस बज्र दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे ऐसी कामना की साथ ही सरकार से निवेदन किया कि आतंकवादियों को खोजकर उनका एनकाउंटर कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जाय। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तिलक सिंह ,प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट उम्मेद सिंह , जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह , दयालु ठाकुर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर , खिलान सिंह ,राव लाखन सिंह लोधी, राव भूपेंद्र सिंह ,भारत सिंह जिला प्रवक्ता, नंदू ठाकुर, नगर अध्यक्ष खिल्लू ठाकुर सिंह, युवा अध्यक्ष एडवोकेट सुल्तान सिंह, मनोज सिंह, खेत सिंह, नारायण सिंह, दरयाव सिंह , सुरेंद्र सिंह, एडवोकेट द्रोपती ठाकुर, फूल सिंह,देवेंद्र सिंह हिंडोरिया गोपाल सिंह सहित आदि लोगों की उपस्थिति रही।

## कृषि आदान विक्रेता संघ दमोह के बजाज बने जिला अध्यक्ष

**दमोह।** कृषि आदान विक्रेता संघ जिला दमोह की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें दमोह के वरिष्ठ व्यापारी प्रमोद बजाज को सर्वसम्मति से एवं निर्विरोध रूप से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संघ के प्रांतीय सचिव एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री संजय रघुवंशी भी उपस्थित थे। श्री रघुवंशी अपने उद्बोधन में व्यापारियों को व्यापार से संबंधित कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए जागृत किया एवं आह्वान किया कि मध्य प्रदेश से संगठन द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान को पूरे दमोह में गति प्रदान की जावे एवं जिले के प्रत्येक व्यापारी को इसका सदस्य बनाया जाए तभी प्रदेश एवं देश का संगठन मजबूत हो सकता है। विशेष अतिथि के रूप में दाल मिल व्यापारी संघ दमोह के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज उपस्थित थे। इस अवसर पर दमोह जिले के सभी तहसीलों के व्यापारी उपस्थित थे एवं उन्होंने संकल्प लिया है कि वह जल्द से जल्द प्रदेश के सदस्यता अभियान को जिले में गति प्रदान करेंगे।

## स्वरोजगार की राह चुनकर सफल युवा उद्यमी बने तुषार साहा

**पन्ना।** पन्ना नगर के कुंजवन निवासी 20 वर्षीय तुषार साहा स्वप्रेरणा से स्वरोजगार की राह चुनकर सफल युवा उद्यमी बने हैं। कम आयु में अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी कर अपने लगन एवं परिश्रम की बदौलत तुषार ने कुंजवन आरओ वॉटर के नाम से स्वयं का वॉटर प्लांट स्थापित कर अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ा है। तुषार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ प्राप्त कर वॉटर प्लांट लगाया। उन्होंने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर स्वयं का उद्यम स्थापित किया। विभाग में नियुक्त रिसोर्स पर्सन से तुषार साहा को आवेदन एवं बैंक ऋण प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग भी मिला। तुषार ने बताया कि चार माह पूर्व स्थापित आरओ वॉटर प्लांट के लिए पीएमएफएमई योजना से चार लाख 75 हजार रूपए का ऋण प्राप्त हुआ था। इस दौरान मुझे एक लाख 66 हजार रूपए का अनुदान भी मिला। कुंजवन आरओ वॉटर प्लांट से प्रतिदिन शुद्ध पानी का प्रदाय पन्ना नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसके अलावा समय-समय पर शादी, पार्टी, जन्म दिन एवं भण्डारा जैसे कार्यक्रमों में भी मांग अनुसार समय पर पेयजल की आपूर्ति की जाती है। स्वयं के उद्यम स्थापना एवं इसके सफल संचालन से आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिली। स्थानीय स्तर पर गुणवत्तायुक्त पानी की मांग के कारण इनका कारोबार निरंतर बढ़ रहा है। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण तुषार परिवार के सदस्यों के साथ उद्यानिकी फसलों की पैदावार भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं के रोजगार स्थापित करने में पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वरदान साबित हुई। इससे अन्य युवाओं को भी स्वरोजगार स्थापित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। विभाग के सहायक संचालक पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना में अब तक जिले के 135 व्यक्तियों को लाभ मिल चुका है।

## कैंडिल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**दमोह।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले में मृत निर्दोष लोगों के लिये जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पर एकत्रित होकर कैन्डिल जलाकर वहीं से रैली निकालते हुए घंटाघर पहुंचकर दिवंगतो को शोक श्रद्धांजलि दी। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि जिन आतंकियो ने



कायराना हरकत करके निर्दोष भारतीयों को उनके परिवार के सामने ही असमय मार दिया ऐसे आतंकियों को और उन्हें शरण देने वाले पाकिस्तानियों के साथ भी वहीं व्यवहार किया जायें। मानक पटेल, तिलक सींग, रजनी ठाकुर, निधि श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, लालचंद राय, आशीष पटेल, प्रदीप पटेल, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी, बबलू भट्ट, परम यादव, कमला निषाद, बाबूलाल पटेल, सोनू जैन, वीरेन्द्र चौबे, भूपेन्द्र आजमानी, अजय जाटव, मंजीत यादव ने कहा कि पूरे देश ने उक्त हमले में मृत व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति है और भारत देश के समस्त संगठन चाहते है उन आतंकियो को सरेआम गोली मारी जाये। इस अवसर पर पार्षद विक्रम ठाकुर, राजा रौतेला, शैलेन्द्र सिंह, हेमराज, रफीक खान, अमर सिंह, मिक्की चंदेल, राजू बगीरा, बिन्दु पटोटया, अभिषेक डिम्हा, लाखन सिंह, सरफराज सिद्धीकी, रियाज खान गोपाल रैकवार, पप्पू कुशवाहा, केके अग्रवाल, हरमिन्द, राजपाल, अलीम खान, गौरव राय, अमित नामदेव, शेख वाहिद, गीता ठाकुर, नानाज देशमुख, अशोक ठाकुर, विजय रैकवार, जावेद खान, आशीष शर्मा सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# युवा संसद का हुआ आयोजन



**दमोह।** टाईम्समहाविद्यालय में छात्र /छात्राओं द्वारा गरिमामयी युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे उपस्थित हुए। मंच के माध्यम से महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं ने अपने विचार निर्भिकता के साथ रखे। महाविद्यालय द्वारा यह एक सार्थक प्रयास था। इससे विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों का निर्वाह करने की प्रेरणा मिली। प्रत्येक छोटे से छोटा या बड़े से बडा कार्य प्रारंभ करने के पहले परिस्थितियां यथावत ही रहती है बदलता है तो सिर्फ युवाओं के कार्य करने का तरीका और लक्ष्य पाने के लिए उनका उत्साह। इसी चिंगारी को मशाल बनाने के लिये आज महाविद्यालय में युवा संसद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर डासुशील गुप्ता, प्राचार्या डा मनजीत कौर साहनी, डा सुनीता गुप्ता की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम डा निशा सरवरिया के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## यदि व्यक्ति सत्य और स्पष्टवादिता का दामन थामे रखेगा तो उसका मनो मस्तिष्क सदैव शांत रहेगा - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** ग्राम बरखेरा जय सिंह में मनीषा सिंह धरम सिंह के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथावाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि सत्य बोलने वाला इंसान निडर होकर अपनी बात कहता है और किसी भी परिणाम की चिंता नहीं करता वह शांत स्वभाव का होता है और दूसरो से भी वैसी ही अपेक्षा करता है चूंकि वह सत्यवक्ता है और वैसी ही संगत उसे पसंद होती है। सत्य बोलने वाले को रात में नीद अच्छी आती है। सत्य बोलना आसान है सुनना भी आसान है लेकिन स्वीकार करना कठिन है क्यों क्योंकि सत्य जब आता है तो वह सिर्फ तुम्हारी बुद्धि को नहीं छूता वह तुम्हारे पूरे अस्तित्व को हिला देता है। वह तुम्हारी नींव तक पहुँचता है तुम्हारे झूठे अहंकार को चकनाचूर कर देता है सत्य जब आता है तो वह इन सबको तोड़ मरना नहीं चाहते वे अपने झूठे अहंकार को पकड़े रहते हैं। वे अपनी परछाइयों से चिपके रहते हैं वे अंधेरे में सुरक्षित महसूस करते हैं। जो व्यक्ति एक बार सत्य को स्वीकार कर लेता है उसके लिए जीवन खेल बन जाता है। फिर कोई डर नहीं रहता। कोई भ्रम नहीं रहता फिर बस मौन रह जाता है। और वही सत्य है अगर व्यक्ति सत्य और स्पष्टवादिता का दामन थामे रखेगा तो उस का मनोमस्तिष्क सदैव शांत रहेगा क्योंकि उसे अपने असत्य को छुपाने के लिए कोई मानसिक जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी मेरी नज़र में तो स्पष्टवादी व्यक्ति को सर्वोपरि और सार्वभौमिक यही लाभ मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

### तीन बाल विवाह रोके

**दमोह।** महिला एवं बाल विकास तथा पुलिस विभाग लगातार जिले में बाल विवाह रोकने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में परियोजना अधिकारी सुलेखा ठाकुर ने बताया दमोह शहरी क्षेत्र अंतर्गत तीन बाल विवाह रोक गए जिसमें से दो बाल विवाह धरमपुरा वार्ड 39 और एक बाल विवाह चैनपुरा वार्ड 35 में रोका गया। उन्होंने बताया प्राप्त गोपनीय सूचना पर पर्यवेक्षक अंकित जैन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के दल द्वारा बाल विवाह रोका गया। साथ ही परिजनों को समझाइए दी गई। परियोजना अधिकारी श्रीमती ठाकुर ने बताया उक्त संबंध में पुलिस को भी सूचित किया गया है ताकि बाल विवाह की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने आमजनों से आग्रह करते हुए कहा जिले में कही भी बाल विवाह होने की सूचना दमोह हेल्पलाईन नं. 07812350300 पर दी जा सकती हैं। सूचनाकर्ता का नाम और जानकारी गोपनीय रखी जायेगी ज्ञात हो कि अभी तक प्राप्त सूचना के आधार पर दमोह शहरी में अप्रैल माह में 6 बाल विवाह रॉक गए हैं।

बांदकपुर कॉरिडोर की बहुप्रतीक्षित मांग का फर्स्ट फेज का टेंडर लगा, मुख्यमंत्री का संभावित आगमन 09 मई को, राज्यमंत्री द्वय ने अधिकारियों के साथ किया भ्रमण

# बांदकपुर कॉरिडोर के भूमिपूजन के लिए आयेंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के 09 मई को प्रस्तावित बांदकपुर आगमन को लेकर संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल की मौजूदगी में बांदकपुर त्र्यंबकेश्वर विश्राम भवन में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बैठक के संबंध में मुख्यमंत्री जी के आगमन की प्रस्तावित योजना के संबंध में अवगत कराया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे विशेष रूप से मौजूद थे। संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा बांदकपुर कॉरिडोर की बहुप्रतीक्षित मांग थी, उसका पूरा फर्स्ट फेज का टेंडर लग गया है और फर्स्ट फेज के टेंडर के भूमि पूजन के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के आगमन की प्रस्तावित तिथि 09 मई हैं। मुख्यमंत्री जी बांदकपुर में भगवान भोलेनाथ की धरती पर पधारेगें। कॉरिडोर के भूमि पूजन उपरांत कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। यह कोरिडोर बहुत दिव्य और भव्य रूप से लगभग 100 करोड़ की राशि से बनेगा। निश्चित रूप से बांदकपुर धाम भगवान भोलेनाथ का धाम, जागेश्वर धाम अच्छी तरह से विकसित होगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा बांदकपुर क्षेत्र यहाँ का सबसे बड़ा सिद्ध क्षेत्र भी है और यहाँ पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु लगातार आते हैं, यहां अच्छा और बड़ा काम प्रारंभ होगा। प्रथम चरण में पहले 10 करोड़ की लागत से कार्य प्रारंभ किया जायेगा। यहां गेट बनाने से लेकर गौशाला, रोड, पार्किंग,



प्लाज़ा आदि कार्य प्रथम चरण में होंगे। उन्होंने कहा जल्दी ही प्रयास किया जायेगा जिससे द्वितीय चरण का टेंडर भी एक-दो महीने के अंदर लगवाया जायेगा ताकि द्वितीय चरण का कार्य भी प्रारंभ किया जा सकेगा। ल तो लगेंगे अगले चरण का काम तो जल्दी एक साल के अंदर करने का प्रयास किया जायेगा। पशुपालन राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा लगभग 100 करोड़ की लागत से बांदकपुर जागेश्वर महादेव कॉरिडोर बनने वाला है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी सम्भावित 09 मईको भूमि पूजन के लिए आ रहे हैं। कोरिडोर का प्रथम चरण का टेंडर हो चुका है और उसमें बहुत सारे काम लिए, बाकी अलग-अलग चरणों में कार्य पूरा करके दिव्य और भव्य कोरिडोर बनाने की योजना हैं। इसके लिए राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने बांदकपुर को चुना और 100 करोड़ की राशि विभाग से स्वीकृत करायी। राज्यमंत्री श्री पटैल ने गौशाला के निर्माण में पशुपालन एवं डेयरी विभाग यहां निराश्रित गौवंश के लिए गौशाला बना करके आसपास के गौवंश को यहां रखने का कार्य करेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया प्रदेश के संस्कृति राज्यमंत्री जी और पशुपालन राज्यमंत्री जी के साथ सभी जनप्रतिनिधि आज यहाँ उपस्थित थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का 09 मई का संभावित भ्रमण के दौरान लगभग 100 करोड़ की लागत से बनने वाले बांदकपुर कॉरिडोर का भूमि पूजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्हीं निर्माण कार्यो के संबंध में एक सुनियोजित कार्यक्रम के साथ एक भव्य कार्यक्रम संपन्न हो, उसकी दृष्टि से रणनीति तैयार करने के लिए और जगह का निरीक्षण करने के लिए आज यह एक बैठक मंत्रीगणों द्वारा बुलाई गई थी।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कार्यक्रम से जुड़े हुए सभी पहलुओं पर चर्चा हुई है। कार्यक्रम का जो प्रस्तावित स्थल हैं उसका अवलोकन भी किया गया है। मंत्रीद्वय के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा सोमवार के दिन, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण, कमेटी के लोग हेलीपैड से लेकर के सारी चीजों की एक पूरी विजिट की जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज जो निर्देश मिले उनको जमीन पर उतारने का कार्य किया जायेगा।

बैठक उपरांत संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल सहित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और मंत्री द्वय द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस मौके पर एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आरएल बागरी, सिद्धार्थ मलैया, पब्लिक ट्रस्ट श्री जागेश्वरनाथ मंदिर बांदकपुर के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश मेहता, एडवाकेट पंकजहर्ष श्रीवास्तव, प्रबंधक कृपाल पाठक, राघवेन्द्र परिहार, राहुल जैन, सरपंच सुनील डबुल्या, मंदिर कमेटी के सदस्यगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण-पुलिस अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# नपा में पार्षद द्वारा कूटरचित दस्तावेज़ से संबल योजना के आवेदन में वार्ड प्रभारी को गुमराह कर कराये हस्ताक्षर, कार्यवाही करने पुलिस थाने में दिया आवेदन

### सीएमओ द्वारा जांच प्रतिवेदन में पकड़े गए फर्जी दस्तावेज मैं हुआ खुलासा

**हटा।** नगर पालिका क्षेत्र के रामगोपाल की वार्ड पार्षद द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मृत्यु उपरांत अपने परिजन का फर्जी तरीके से संबल योजना का कार्ड बनवाने का मामला प्रकाश में आया है जहां जांच उपरांत वार्ड प्रभारी द्वारा मामले में संलिप्त लोगों पर कार्यवाही करने पुलिस थाना हटा में आवेदन दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे ने बताया कि नगर की रामगोपाल की वार्ड जगत 9 अप्रैल 2025 को संबल 2.0 पोर्टल पर श्रीमती सुनीता सोनी द्वारा हस्ताक्षर युक्त ऑनलाइन आवेदन किया गया था जिसकी जांच दल द्वारा मौका निरीक्षण कर पाया गया कि आवेदक श्रीमति सुनीता सोनी उर्फ छाया सोनी की मृत्यु 24 मार्च.2025 को हो चुकी है, जिसका स्थल पंचनामा तैयार किया जिससे यह प्रतीत होता है, कि कूटरचित तरीके से अनुचित लाभ हेतु आवेदन किया गया है।

पात्रता जांच रिपोर्ट में प्रभारी श्री सुनील सोनी के द्वारा प्रमाणित किये गये है। पंजीयन हेतु कथन पर श्रीमति सुनीता सोनी के हस्ताक्षर है एवं पंजीयन पंचनामा पर आवेदक के परिवार के सदस्य में श्री जगदीश सोनी एवं वार्ड पार्षद श्रीमति मीरा पति राजेन्द्र सोनी के हस्ताक्षर पद मुद्रा सहित पाए गए। जहां जांच रिपोर्ट उपरांत सीएमओ द्वारा वार्ड प्रभारी अनुचित तरीके से संबल कार्ड बनाए जाने कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था।

### बिना जांच किया वार्ड प्रभारी ने किया हस्ताक्षर-

फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिना जांच किए वार्ड प्रभारी द्वारा नगर पालिका अधिकारी की आईडी पर स्वीकृति हेतु आवेदन भेजा गया था जिसमें वार्ड प्रभारी सुनील सोनी द्वारा अपने जवाब प्रतिवेदन में बताया गया कि मुझे आवेदन हस्ताक्षर किये हुए प्राप्त हुआ था एवं पार्षद महोदय के दबाव में मेरे द्वारा हस्ताक्षर किये गये। जबकि आवेदनकर्ता सुनीता सोनी की मृत्यु 24 मार्च 2025 को हो चुकी है, उसके बाद दिनांक 09.04.2025 को संबंल योजना 2.0 का आवेदन किया गया है। वार्ड प्रभारी सुनील सोनी ने कारण बताओ नोटिस में जवाब देते हुए बताया कि मेरा स्वास्थ बहुत समय से खराब चल रहा है, मुझे श्रीमति मीरा सोनी पति राजेन्द्र उर्फ राजू सोनी के द्वारा फोन लगाकर पार्षद महोदय के पति के द्वारा अपने घर पर बुलाया गया कि मेरी जिठानी का संबल कार्ड बनना है, इस फार्म पर हस्ताक्षर कर दो तो मेने बोला कि पहले मुझे मौका स्थल का निरीक्षण कर लेने दो तो पार्षद महोदय के पति राजेन्द्र उर्फ राजू सोनी कहने लगे कि मे बोल रहा हूं वह मेरी भाभी है, पार्षद महोदय द्वारा मौखिक बताया गया कि मेरी जिठानी छाया की दिनांक 24.03.2025 मृत्यु हुई है, यह संबंल कार्ड में अपनी जिठानी सुनीता सोनी का बनवाना चाहती हूँ। तुमसे ज्यादा मुझे पता है। हस्ताक्षर कर दो हस्ताक्षर नही करोगे तो तुम्हारा पी.आई.सी. में अध्यक्ष महोदय से प्रस्ताव डलवाकर तुम्हारी सेवा समाप्त करवा दूंगी मुझे यह भी नही बताया गया कि सुनीता सोनी की मृत्यु हो चुकी है, में के.वाई.सी. के सर्वे में व्यवस्त होने के कारण से वार्ड नही जा पाया जिस कारण से जानकारी नही मिल पाई लेकिन मुझे यह ज्ञात नही था कि दोनो नाम एक ही महिला के है, एवं सुनीता सोनी की मृत्यु हो चुकी है। पार्षद महोदय द्वारा गुमराह एवं कूटरचित तरीके से संबल योजना के आवेदन पर हस्ताक्षर करवाये गये है मेने जानबूझकर हस्ताक्षर नही किये है। जिस कारण पुलिस थाना हटा में वार्ड प्रभारी सुनील सोनी द्वारा रामगोपाल जी वार्ड पार्षद पर कार्यवाही किए जाने लिखित शिकायत की गई अब देखना होगा कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी संभल योजना का फर्जी कार्ड बनवाए जाने में संलिप्त वार्ड पार्षद पर पुलिस क्या कार्यवाही करती है।

## बम्होरी तालाब में दिखा मनमोहक नजारा, चारों ओर खिला कमल



**बनवार।** जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत बम्होरी के सड़क किनारे तालाब में इन दिनों भारी मात्रा में कमल के फूल खिल गए हैं. इन्हें देखने के लिए लोगों का जमावड़ा लग रहा है. बता दें बम्होरी तालाब प्राचीन बताया जाता है। यहां हर साल कमल के फूलों के कारण मन मोह लेने वाला नजारा देखने को मिलता है। इस साल ये मौका से कम पानी कमल पुष्प ग्रीष्मकाल के दौरान खिले है तालाब में कमल के फूलों की सुगंध फैली हुई है कमल फूल खिलाने वाले तालाब प्रायः कम दिखाई देते है। नतीजा जिन तालाबों में कभी कमलदल लहलहाया करते थे वह धीरे धीरे सूख गए है लेकिन। ऐसा एक तालाब बम्होरी में स्थित है। जहां कमल दल पुष्प खिले हुए है।

## कृतार्थ जैन का विद्या प्रमाण गुरुकुल भोपाल में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

तेंदूखेड़ा विकासखंड से एक मात्र ग्राम झलौन के डॉ पवन कुमार जैन की सुपुत्र कृतार्थ जैन का चयन विद्या प्रमाण गुरुकुलम, भोपाल में हुआ है। माता पिता का कहना है कि यह अद्भुत उपलब्धि परम पूज्य गुरुवर श्री प्रमाण सागर जी महाराज की कृपा, आशीर्वाद एवं हमारे कुल के पुण्य प्रताप का ही परिणाम है। विद्या प्रमाण गुरुकुलम, भोपाल, एक ऐसा गुरुकुल है जहाँ न केवल आध्यात्मिक शिक्षा दी जाती है, बल्कि नैतिक मूल्यों, चरित्र निर्माण, और जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी बच्चों को दी जाती है। यहाँ गुरुकुल जीवन की परंपरा को आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ जोड़कर बालकों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाती है। मेरे लिए यह गर्व का विषय है कि मेरा पुत्र ऐसे पवित्र स्थल पर अध्ययन हेतु चुना गया है, जहाँ संतों के सान्निध्य में जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। यह केवल शिक्षा नहीं, बल्कि आत्मा की प्रगति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। सकल दिगंबर जैन समाज, एवं क्षेत्रवासी इस उपलब्धि से अत्यंत आनंदित है। पूरा परिवार परम पूज्य गुरुदेव श्री प्रमाण सागर जी महाराज के चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हैं। आभार प्रकट करता है कि यह सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया



**पटेरा।** पटेरा नगर के पुराना बाजार स्थित चंडी माता मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया गया। कथा में चित्रकूट धाम से पधारे पंडित श्री नितिन देव जी महराज द्वारा बहुत ही मधुर वाणी में कथावाचन किया गया। मुख्य कथा श्रोता श्रीमती गायत्री परोहा/ पं. श्री मुरारी लाल जी परोहा द्वारा श्रवण किया जा रहा है। ग्राम के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा कथा श्रवण करते हुये पुण्यलाभ अर्जित किया गया। कथा में कथा वाचक द्वारा श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र में कृष्ण व सुदामा की मित्रता की आदर्श सभी के समक्ष रखा। इसके साथ ही उन्होने चित्रकूट धाम की महिमा का बखान किया जिसे सुनकर सभी भक्तजन भक्ति से ओतप्रोत हो गये। आज रविवार को हवन पूजन, भंडारा का आयोजन किया गया है।

## करणी सेना ने एसपी आफिस पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** 9 मार्च को दमोह के मारूताल निवासी कमल सिंह राजपूत की हत्या के मामले में करणी सेना के पदाधिकारी दमोह पहुंचे और मामले को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की व पुलिस पर कई संगीन आरोप लगाए। करणी सेना के पदाधिकारी एसपी आफिस का घेराव कर बैठ गए और एसआइटी गठित करने की मांग की जिसके बाद दवाब में देर शाम इस मामले की जांच के लिए आखिरकार एसआइटी गठित कर दी गई है। करणी सेना ने ज्ञापन सौंपा मांग की कि दोषियों को फास्टट्रैक कोर्ट के जरिये जल्द सजा दी जाए, दोषियों के अवैध अतिक्रमण में बने मकानों पर तुरंत बुलडोजर चलाया जाए, घर के मुखिया पिताजी थे उनकी गैर मौजूदगी में घर के भरण पोषण के लिए उचित मुआवजा दिया जाए, . इस मामले में जिस किसी का भी संरक्षण उन दोषियों को रहा उनपर भी कार्यवाही की जाए एवं इन अपराधियों को जिन अधिकारियों का संरक्षण रहा उन्हें भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, पीड़ित परिवार में भय का माहौल है इसलिए परिवार के सदस्यों को सुरक्षा प्रदान की जाए एवं मामले की जाँच एस आई टी टीम के द्वारा कराई जाए। इन मांगो को लेकर बडी संख्या करणी सेना के पदाधिकारियों के साथ राजपूत समाज के लोग मौजूद रहे।

## मंगल कलश यात्रा से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

### जो कलश यात्रा में चलते हैं सुख समृद्धि उनका साथ कभी नहीं छोड़ती: किशोरी वैष्णवी गर्ग जी

**दमोह।** किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारबिंद से 26 अप्रैल से 3 मई तक शाम 3 बजे से हरी इच्छा तक हो रही हैं, श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा से वातावरण भक्तिमय हो गया। उत्साह व उमंग के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। श्रीमद्भभगवद पोथी अपने सिर पे लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा में शामिल महिला-पुरुषों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी भक्त जय श्री राम, माता रानी के जयकारे



लगाते हुए चल रहे थे। डीजे की मधुर भजनों की धुन पर युवा युवती की टोली थिरकते नाचते गाते भक्तों संग कलश यात्रा गंगा झिरिया से दसोंदी धाम पहुंची जहा विधि विधान से पंडितों द्वारा भक्तजानो ने पूजन किया कलश की स्थापना की गई। भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास किशोरी जी ने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि कलश सुख समृद्धि का प्रतीक है जो लोग कलश यात्रा में चलते हैं। सुख समृद्धि उनके साथ कभी नहीं छोड़ती और परमात्मा की विशेष कृपा के पात्र हो जाते हैं। श्रीमद् भागवत महात्म्य कथा एवं श्री शुकदेव आगमन, नारदजी की कथा, राजा परिक्षित को श्राप तथा विदुर कथा से वातावरण भक्ति मे सराबोर हो गया। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का संक्षेप में श्रोताओं को सार बताते हुए कहा कि मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्यों का उदय होने पर ही श्रीमद् भागवत जैसी भगवान की दिव्य कथा श्रवण का सौभाग्य मिलता है। भागवत रूपी गंगा की धारा पवित्र और निर्मल है जो पापियों को भी तार देती है। भगवान का वामन अवतार, कपिलोपाख्यान एवं ध्रुव- चरित्रादि का वर्णन और ध्रुव कथा,को नर्सिंग अवतार पर प्रसंग 29 मई को श्रीकृष्ण जन्म, नंदोत्सव, 30 मई को कृष्ण की बाललीला, मटकी फोड़ एवं गोवर्धन पूजा,01 जून को महारास, कंसवध, रुक्मिणी- कृष्ण विवाह व 02 मई को सुदामा चरित्र, श्री शुकदेव पूजन, परीक्षित मोक्ष और 03 मई को पूर्ण आहुति भंडारा के साथ भागवत कथा का विश्राम होगा। इस अवसर पर आसपास से सैकड़ों संख्या में भक्तजन कथा का रसपान के लिए आ रहे है। मुख्य यजमान समस्त दसोंदी धाम भक्तगण आप सभी से कथा श्रवण करने की अपील की है।

## प्राणायाम, आसन व एक्यूप्रेशर करने से दीर्घायु, आनंदमय एवं समृद्ध जीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में बेलाताल टापू हनुमान मंदिर पर नियमित योग कक्षा विगत 20 वर्षों से निरंतर संचालित है। मुख्य योग प्रशिक्षक पंडित विनोद दुबे के द्वारा प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 7:30 तक योग, प्राणायाम, आसन, एक्यूप्रेशर एवं आहार विहार संबंधी प्रशिक्षण विधि विधान से दिया जाता है। योग प्रशिक्षक पंडित विनोद दुबे ने बताया कि भ्रामरी प्राणायाम 72,000 नस नाडियों व पांच प्राणों को शुद्ध करके संपूर्ण शरीर में जीवन शक्ति का उचित मात्रा में संचार कर हृदय, फेफड़े को मजबूत कर, दमा, बीपी, डायबिटीज आदि रोग को दूर भागाता है। उन्होंने बताया कि पाचन तंत्र को सक्रिय करके स्वस्थ रहने में मदद करता है एवं एकाग्रता, बौद्धिक शक्तियों का विकास, स्थिर बुद्धि का विकास, परमात्मा प्राप्ति व आनंद पाने में सहायक है। यह भ्रामरी प्राणायाम प्रतिदिन करने से हमारे मस्तिष्क की सुप्त शक्तियां जागृत होती हैं और मस्तिष्क संबंधी जो रोग दूर हो जाते हैं। मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत ने सभी आम जन मानस से आग्रह किया है कि विधि विधान से योग, प्राणायाम, आसन का नि शुल्क प्रशिक्षण लेने के लिए आप बेलाताल टापू, हनुमान मंदिर पर प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 7:30 तक निःशुल्क प्रशिक्षण ले सकते हैं एवं किसी भी समस्या का समाधान योग और प्राणायाम खान-पान से पा सकते हैं।

## श्री मुनिसुव्रत तीर्थ बाँसा पंचकल्याणक महोत्सव का आज होगा भव्य समापन



**दमोह।** जिले की धार्मिक नगरी एवं आचार्य श्री 108 उदार सागर जी महाराज की जन्म स्थली बांसा मे श्री 1008 श्रीमज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन लगातार जारी है। यह आयोजन 21 अप्रैल से 27 तक चल रहा है। यह पंचकल्याणक महोत्सव अब अपने समापन की ओर है। इस अवसर पर 27 अप्रैल को समापन के दिन एक भव्य गजरथ फेरी का आयोजन किया जाएगा। यह गजरथ फेरी समय परिवर्तित कर अब सुबह 8:30 बजे से प्रारंभ होगी। यह फेरी धर्म, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम होगी। जिसमें रथ, हाथी, घोड़े व सुसज्जित झांकियाँ पंडाल के चारों और भ्रमण करेंगी। इस धार्मिक आयोजन में आप सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। यह पंचकल्याणक महोत्सव आचार्य श्री 108 उदार सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 उपशांत सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य मे संपन्न होगा।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता मझलीबहू पति दुपपा अहिरवार उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम गरेह गैसाबाद तहसील हटा जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5389 1811 6786 में मेरे पति का नाम दुल्ला था जिसे मैंने सही करवाया था लेकिन भूलवश मेरा नाम और मेरे पति का नाम एक जैसा दुप्पा कर दिया है। अत: मेरे आधार कार्ड में भूलवश मेरा नाम दुप्पा लिख गया है जो कि गलत है जिसे सुधारकर करके मझलीबहू पति दुपपा अहिरवार दर्ज किया जाए। मेरे वोटर आई डी एवं अन्य सभी दस्तावेजो में यही नाम दर्ज है।
शपथकर्ता - मझलीबहू पति दुपपा अहिरवार निवासी ग्राम गरेह, तहसील हटा जिला दमोह

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै श्रीमती आरती जैन (Arti Jain) पिता श्री राजेन्द्र तोमर पति श्री दीपक जैन जन्म दिनाक 04/10/1989 पता - पटिया वाला मोहल्ला अजयपुर तह. व जिला ग्वालियर म.प्र. आधार कार्ड नं. 9964-8433-4816 शपथपूर्वक सत्य कथन करती हू कि :- मेरा नाम विवाह से पूर्व नाम स्कूल सर्टीफिकेट एव अन्य दस्तावेजो कु. आरती तोमर पुत्री श्री राजेन्द्र तोमर दर्ज है चूंकि मेरा नाम व सरनेम विवाहोपरांत -श्रीमती आरती जैन पति श्री दीपक जैन जैसे कि आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक एकाउन्ट यानि बचत खाता नम्बर मे इन्ही मूल दस्तावेजो मे श्रीमती आरती जैन पति श्री दीपक जैन दर्ज है। इस प्रकार आरती तोमर, एवं आरती जैन यह दोनो नाम मेरे ही है। अत: कक्षा 10 वी. मूल अंक सूची मे आरती तोमर (Arti Tomar) के स्थान पर मेरा सत्य व सही नाम आरती जैन (Arti Jain) दर्ज किया जाये।